प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 06.10.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली प्रवास के दौरान राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और रक्षामंत्री से सौजन्य मुलाकात की।

2– निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा की।

3– सीआरपीएफ ने बस्तर संभाग में हाल के दिनों में ग्रामीणों को दस हजार से अधिक रेडियो सेट वितरित किए।

4– केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खांसी की सिरप देना पूर्णतः प्रतिबंधित किया–छत्तीसगढ़ में भी शासन ने सभी जिलों को जारी किए निर्देश।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>मुख्यमंत्री–राष्ट्रपति मुलाकात</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि वर्ष दो हजार पच्चीस छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रपति को छत्तीसगढ़ आगमन के लिए आमंत्रित किया।

वहीं, मुख्यमंत्री ने आज नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से भी मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति को छत्तीसगढ़ के गठन के रजत जयंती वर्ष के मौके पर पांच नवम्बर को नया रायपुर में आयोजित राज्योत्सव के समापन समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपराष्ट्रपति ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की है।

**<u>मुख्यमंत्री–रक्षा मंत्री मुलाकात</u>**

इससे पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर सौजन्य मुलाक़ात की। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री से बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के संबंध में चर्चा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यहां रक्षा क्षेत्र से संबंधित विकास कार्य भी शुरू करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में विशेष "सेना भर्ती रैलियों" का आयोजन किए जाने का भी अनुरोध किया, ताकि इस राज्य के युवाओं को देश सेवा का अवसर मिल सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि रक्षा मंत्रालय जब भी नए नौसैनिक पोतों या जहाजों को लॉन्च करें, तो उनमें से कुछ का नाम छत्तीसगढ़ की नदियों और क्षेत्रों के नाम पर रखा जाए, जैसे कि इंद्रावती, महानदी या फिर बस्तर।

**<u>बिहार विधानसभा चुनाव</u>**

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बिहार विधानसभा की दो सौ तैंतालीस सीटों के लिए दो चरणों में – छह और ग्यारह नवंबर को मतदान कराया जाएगा। वोटो की गिनती चौदह नवंबर को होगी। पहले चरण में छह नवंबर को एक सौ

इक्कीस सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। जबकि दूसरे चरण में ग्यारह नवंबर को एक सौ बाईस सीटों के लिए मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही बिहार में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

**दुर्ग–राष्ट्रीय सम्मेलन**

दुर्ग के वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज से शुरू हुआ। इस सम्मेलन का उद्‌घाटन कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने किया। इस मौके पर केन्द्रीय पशुपालन आयुक्त डॉक्टर प्रवीण मलिक और विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आर.आर.बी. सिंह मौजूद थे। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में डॉक्टर प्रवीण मलिक ने बताया कि उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन से पशुपालन के क्षेत्र में स्टेट एक्शन प्लान बनाने के लिए कहा है।

**राज्यपाल–सरगुजा**

राज्यपाल रमेन डेका ने आज सरगुजा जिले के प्रवास के दौरान आकांक्षी विकासखंड लखनपुर में अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाने और महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जल और पर्यावरण संरक्षण, पशुपालन, पर्यटन विकास, स्थानीय स्व–रोजगार को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राहियों को सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को कार्ड और पोषण आहार वितरित किए।

**जीएसटी–विशेष कार्यक्रम**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा जी एस टी सुधारों पर विशेष कार्यक्रम का प्रसारण कल सात अक्टूबर को शाम छह बजकर पांच मिनट से किया जाएगा। इसका प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र करेंगे।

**बस्तर–रेडियो सेट**

नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने हाल के दिनों में ग्रामीणों के बीच दस हज़ार से ज़्यादा रेडियो सेट वितरित किए हैं। सीआरपीएफ के कमांडेंट और जनसंपर्क प्रभारी हरमिंदर सिंह ने बताया कि ये रेडियो सेट बस्तर संभाग के सभी सात ज़िलों में उपलब्ध कराए गए हैं।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

गरियाबंद जिले में आज तीन इनामी माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। इनमें से एक माओवादी ने हथियार के साथ सरेंडर किया है। ये सभी गरियाबंद–धमतरी–नुआपाड़ा डिवीजन में सक्रिय थे। इन तीनों पर एक–एक लाख रूपए का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि इन सभी ने सरकार की पुनर्वास और समर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया है। ये तीनों माओवादी कई बड़ी घटनाओं में शामिल थे।

उधर, दंतेवाड़ा जिले के मालेवाही थाना क्षेत्र में स्थित सातधार पुल के पास से आज सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित माओवादी संगठन से जुड़े तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी ने पूछताछ में प्रतिबंधित माओवादी संगठन–सीपीआईएम में सक्रिय सदस्य के रूप में काम करना और इस इलाके में हाल ही हुए आईईडी विस्फोट की घटना में शामिल होना स्वीकार किया है।

**स्वास्थ्य विभाग–सर्दी खांसी दवा**

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार की खांसी की सिरप या सर्दी–जुकाम की दवाएं देने पर प्रतिबंध लगाया है। मंत्रालय द्वारा जारी एडवायजरी में कहा गया है कि सामान्य रूप से पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए भी ये दवाएं उचित नहीं हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बच्चों को दवाओं के संभावित दुष्प्रभावों से बचाने और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की इस एडवायजरी के जारी होने के बाद छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग ने भी राज्य के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सिविल सर्जनों को इस संबंध में जरूरी दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं।

**दुर्घटना**

कबीरधाम जिले के चिल्फी घाटी में कल एक चारपहिया वाहन और ट्रक की टक्कर में तीन महिला शिक्षकों सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, पांच अन्य घायल हो गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। ये सभी लोग पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे और कान्हा राष्ट्रीय उद्यान घूमने के बाद बिलासपुर जा रहे थे। इसी दौरान अकालघरिया गांव के पास उनके वाहन की ट्रक से टक्कर हो गई। इस वाहन में दस लोग सवार थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

वहीं, धमतरी जिले के भटगांव क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

**संक्षिप्त समाचार**
**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– राज्य शासन ने सरगुजा संभाग के कृषि संयुक्त संचालक यशवंत केराम को दुर्ग के पाटन स्थित महात्मा गांधी उद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय का कुलसचिव नियुक्त किया है। साथ ही कपिल देव दीपक को रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के नये कुलसचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है।

– रायगढ़ में इन दिनों पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता खेली जा रही हैं। इस स्पर्धा में वॉलीबॉल, सॉफ्टबॉल, खो–खो और क्रिकेट के मुकाबले हो रहे हैं, जिसमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा संभाग के करीब छह सौ बत्तीस खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

– जांजगीर में खेली जा रही पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुश्ती के मुकाबले हो रहे हैं। इस प्रतियोगिता में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा संभाग के करीब चार सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>